शनिवार, 23 मार्च 2019

हिन्दुस्तान

पटेल नगर में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता रैली निकाली

बल्लभगढ़ | हमारे संवाददाता

जागरूकता

- बच्चों व उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति किया जागरूक
- अग्रवाल कॉलेज में आयोजित किया जा रहा सात दिवसीय शिविर

अग्रवाल कॉलेज में सात दिवसीय शिविर में शुक्रवार को पांचवें दिन स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं द्वारा स्लम क्षेत्र पटेल नगर में स्वच्छता रैली निकली तथा बच्चों व उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इतना ही नहीं बच्चों को कॉपी, पेंसिल व कपड़ों का वितरण भी किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत गुप्ता के नेतृत्व में लगाए गए शिविर में शुक्रवार को पांचवां दिन योग व प्रार्थना से शुरू हुआ। इस दौरान स्वयंसेविकाओं व स्वयंसेवकों ने पटेल नगर के लोगों को उनके बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एक प्रेरक अतिथि व्याख्यान कराया गया। जिसमें मुख्य वक्ता इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के फर्स्ट ऐड ट्रेनर दर्शन भाटिया थे। जिन्होंने स्वयंसेवक व सेविकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि नकारात्मक विचारों से बचना चाहिए व सकारात्मक सोच रखनी चाहिए तथा हमें इसके लिए ऊर्जावान व्यक्तियों के संपर्क में रहना चाहिए व जीवन शैली में बदलाव लाना चाहिए, क्योंकि आदतें हीं हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करती हैं।

अंत में उन्होंने स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मौसमी सब्जियों व फल का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना चाहिए।